प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
06.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- प्रदेश मंत्रिमंडल ने घरों में काम करने वाली महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख–सम्मान निधि योजना में शामिल करने को दी मंजूरी।
- युद्ध के दौरान बचाव के लिए मॉकड्रिल कल– मुख्य सचिव ने मॉकड्रिल के लिए जारी किए दिशा–निर्देश।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– पीएमजीएसवाई चरण–3 के तहत हिमाचल को मिले 3 हज़ार 3 सौ 45 करोड़।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने फिन्ना सिंह नहर परियोजना के टैंडर देने में लगाया धांधलियों का आरोप।

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल ने घरेलू काम करने वाली महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख–सम्मान निधि योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है। ये फैसला प्रदेश मंत्रिमंडल की आज शिमला में लगातार दूसरे दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। फैसले के अनुसार जिन महिलाओं ने घरेलू सहायिका के रूप में न्यूनतम सौ दिन कार्य किया है, वह इस योजना के तहत लाभ पाने की पात्र होंगी। इसके अलावा इन महिलाओं की 21 वर्ष या इससे अधिक आयु की बेटियां भी इस योजना के तहत पात्र होंगी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मंत्रिमंडल ने प्राकृतिक पद्धति से उगाई गई गेहूं, मक्की और जौ के समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने राज्य की जेलों में बंद कैदियों को उनके व्यवहार के अनुसार समय से पहले प्रोबेशन पर रिहा करने और राज्य की नई होम स्टे नीति को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने 14 आई.टी.आई. को अन्य आई.टी.आई में विलय करने, सड़क किनारे स्थित मकानों की बेसमैंट को पार्किंग के लिए खोलने और निजी ऑपरेटरों को 4 सौ 22 स्टेज कैरियर रूट आबंटित करने को भी मंजूरी दी।

गृह मंत्रालय–नागरिक सुरक्षा

गृह मंत्रालय ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल 7 मई को मॉकड्रिल करवाने को कहा है। देश के 2 सौ 44 वर्गीकृत जिलों में ग्राम स्तर तक यह सुरक्षा अभ्यास कराने का फैसला लिया गया है। सुरक्षा अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नागरिक सुरक्षा उपायों की संचालनगत प्रभावकारिता और समन्वय क्षमता का आकलन और परीक्षण करना है। हिमाचल में शिमला शहर को इस मॉकड्रिल के लिए चुना गया हैं, जहां शाम 4 बजे इस मॉकड्रिल का आयोजन होगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने कहा कि इस दौरान लोगों को युद्ध जैसी स्थिति में बचाव के तरीके बताए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से प्रदेश के सभी 12 ज़िलों में मॉकड्रिल आयोजित करवाने का आग्रह किया है, क्योंकि राज्य के कई ज़िले संवेदनशील हैं। इस बीच राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने प्रदेशवासियों खासकर शिमला ज़िला के लोगों से इस मॉकड्रिल में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया है। इस बीच मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कल होने वाली मॉकड्रिल के लिए सरकार की ओर से आम जनता के लिए दिशा–निर्देश जारी कर उनका पालन करने को कहा है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस 60 वर्षों तक अनुसूचित जाति और गरीबों के उत्थान के प्रति उदासीन रही। यही नहीं कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने और उन्हें दबाने का काम किया। अनुराग ठाकुर आज

हमीरपुर ज़िला के बरारा क्षेत्र के सपनेहड़ा में जनसमस्याएं सुनने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर ने संविधान देकर भारत को गर्व के साथ आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया, लेकिन कांग्रेस ने संविधान की आत्मा पर प्रहार कर इसे खत्म करने के अनेकों प्रयास किए। उन्होंने इस मौके पर अधिकारियों को जनता की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि केंद्र से हिमाचल को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–3 के तहत 3 हज़ार एक सौ 23 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों और 43 पुलों के निर्माण के लिए 3 हज़ार 3 सौ 45 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत हुई है। विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग के बेहतर प्रदर्शन के दृष्टिगत राज्य सरकार ने केंद्र से वर्ष 2025–26 के लिए बजट आबंटन को बढ़ाकर एक हज़ार 3 सौ करोड़ रूपये करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ढली से नारकंडा तक फोरलेन सड़क बनाने का प्रस्ताव भी एन.एच.ए.आई को भेजा है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार में सब कुछ ठीक–ठाक है। उन्होंने कहा कि उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा किए जा रहे विकास कार्य भाजपा को रास नहीं आ रहे हैं, इसलिए उनके खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार फिन्ना सिंह नहर परियोजना में चहेतों को टेंडर देने के लिए धांधलियां कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस परियोजना में ज्वाइंट वेंचर पर रोक लगा दी है। उन्होंने पूछा कि ऐसा करके सरकार खासकर जलशक्ति विभाग किसको लाभ पहुंचाना चाहता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि 2 सौ 93 करोड़ रूपये की ये परियोजना क्षेत्र में हरत क्रांति लाएगी, लेकिन सुख की सरकार भ्रष्टाचार की नियत से इस परियोजना के लक्ष्यों को हासिल करने में बाधा बन रही है।

जगत नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार किन्नौर ज़िला के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए पर्याप्त धन उपलब्ध करवाया जाएगा। जगत सिंह नेगी आज रिकांगपिओं में ज़िला स्तरीय योजना विकास और 20 सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को सभी विकास कार्य समय पर पूर करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र लोगों का इनका लाभ मिल सके।

त्रिलोक कपूर

प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा है कि मोदी सरकार युद्ध और कूटनीति दोनों मोर्चों पर प्रभावी और संकल्पबद्ध उत्तर देने के लिए पूरी तरह तैयार है। त्रिलोक कपूर ने आज शिमला में एक बयान में कांग्रेस पार्टी से आग्रह किया कि वह देश की सेना और राष्ट्र का मनोबल गिराने वाली हरकतों से दूर रहें और जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाएं।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश मंत्रिमंडल ने घरों में काम करने वाली महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख–सम्मान निधि योजना में शामिल करने को दी मंजूरी।
- युद्ध के दौरान बचाव के लिए मॉकड्रिल कल– मुख्य सचिव ने मॉकड्रिल के लिए जारी किए दिशा–निर्देश।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– पीएमजीएसवाइ चरण–3 के तहत हिमाचल को मिले 3 हज़ार 3 सौ 45 करोड़।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने फिन्ना सिंह नहर परियोजना के टैंडर देने में लगाया धांधलियों का आरोप।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------